सत्यमेव जयते

कुलाधिपति

Chancellor

जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत
................................**विश्वविद्यालय,**
..................................**University,**
राज भवन, जयपुर – 302006
Raj Bhawan, Jaipur

क्रमांक : एफ.28(2)आरबी/2022/4350
दिनांक : 21 अगस्त, 2022

आदेश

डॉ. अनुला मौर्य को राजभवन के आदेश क्रमांक एफ.28(7)आरबी/2017/6417–6418 दिनांक 21.08.2019 के माध्यम से जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 1998 (यथासंशोधित) की धारा 11(3) व 11(7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खोजबीन समिति की सिफारिश पर, राज्य सरकार के परामर्श से कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर का कुलपति नियुक्त किया गया। डॉ. मौर्य द्वारा कुलपति पद का कार्यभार दिनांक 23.08.2019 को पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया था। डॉ. मौर्य का कार्यकाल दिनांक 22.08.2022 को पूर्ण होने जा रहा है।

जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, अधिनियम, 1998 (यथासंशोधित) की धारा 11(3) के अंतर्गत नियमित कुलपति की नियुक्ति में समय लगने की संभावना है।

अतः मैं, कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर उक्त विश्वविद्यालय के अधिनियम 1998 (यथासंशोधित) की धारा 11(9) व 11(10) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार की सलाह से प्रो. सुधि राजीव, कुलपति, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर को अग्रिम आदेशों तक कामचलाऊ व्यवस्था अन्तर्गत (Stop-gap arrangement) अतिरिक्त प्रभार के रूप में कुलपति, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति के पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

हस्ता0

(कलराज मिश्र)

राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति

क्रमांक : एफ.28(2)आरबी/2022/ 4351 दिनांक : 21 अगस्त, 2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. डॉ. अनुला मौर्य, कुलपति, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. प्रो. सुधि राजीव, कुलपति, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. कुलसचिव, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. कुलसचिव, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर।

(सुबीर कुमार)
प्रमुख सचिव,
राज्यपाल राजस्थान